2018

HINDI

(Major)

Paper : 5.6

(Hindi Alochana Evam Pramukh Alochak)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'आलोचना' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द दीजिए।

(ख) आलोचक के किसी एक गुण का उल्लेख कीजिए।

(ग) सैद्धांतिक आलोचना को परिभाषित कीजिए।

(घ) किसी एक रसवादी आलोचक का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) प्रगतिवादी आलोचना की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए।

(च) हिन्दी आलोचना का उद्भव कब से माना जाता है?

(छ) रामविलास शर्मा को किस प्रकार का आलोचक माना जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी की आलोचना-शैली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के किन्हीं दो व्यावहारिक आलोचनात्मक लेखों अथवा ग्रंथों के नाम लिखिए।

(ग) मार्क्सवादी अथवा प्रगतिवादी दृष्टि का क्या तात्पर्य है?

(घ) नंददुलारे वाजपेयी की किन्हीं दो आलोचना-दृष्टि की विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की आलोचना के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) शास्त्रीय आलोचना-पद्धति में आलोचक की दृष्टि कहाँ टिकी रहती है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) डॉ० नगेन्द्र किस धारा के आलोचक हैं? उनके किन्हीं दो आलोचनात्मक ग्रंथों का परिचय दीजिए।

(घ) आपकी दृष्टि में हिन्दी के रसवादी आलोचक कौन-कौन हैं? उनमें से किसी एक का परिचय दीजिए।

(ङ) 'आलोचना की आलोचना' से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

4. हिन्दी आलोचना के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना साहित्य में शुक्ल के योगदान को रेखांकित कीजिए।

5. हिन्दी आलोचना साहित्य में हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के योगदान को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

नंददुलारे वाजपेयी जी की आलोचना पद्धतियों अथवा शैलियों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

6. "साहित्य की आलोचना विभिन्न दृष्टियों से होनी चाहिए"—इसके पक्ष अथवा विपक्ष में अपनी राय स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी आलोचना साहित्य में रामविलास शर्मा के योगदान पर प्रकाश डालिए।

★★★